Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to organize a technical committee to check the quality of Pratapgarh Junction development work.

श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़) : माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री, भारत सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं । मेरे लोक सभा क्षेत्र के जनपद मुख्यालय स्थित रेलवे स्टेशन प्रतापगढ़ जंक्शन पर पांच वर्षों से प्लेटफॉर्म विस्तार सहित अनेक परियोजनाओं का कार्य किया जा रहा है । किंतु, सभी परियोजनाओं की गुणवत्ता बेहद खराब होने और प्रगति अत्यंत धीमी होने के कारण जनमानस में मुझे बहुत ही आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है ।

अत: मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के रेल मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि जनपद प्रतापगढ़ में विगत पांच वर्षों से विभिन्न रेलवे स्टेशनों के विकास कार्यों के लिए एक विशेष तकनीकी समिति का गठन कर मेरी उपस्थिति में विकास कार्यों का स्थली सत्यापन कराके उसकी खराब गुणवत्ता हेतु दोषी सभी संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों और फर्मों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उसकी गुणवत्ता में सुधार कराए जाने की कृपा करें ।   धन्यवाद ।